Post Office	City	No. of machines supplied
HASSAN HO	HASSAN	2
K.R. CIRCLE	BANGALORE	1
KOLAR PO	KOLAR	2
KUNDAPUR HO	KUNDAPUR	1
MANDYA HO	MANDYA	2
MANGALORE HO	MANGALORE	5
MANIPAL HO	MANIPAL	1
MYSORE HO	MYSORE	5
NANJANGUD HO	NANJANGUD	2
PUTTUR HO	PUTTUR	2
SARASWATHI PURAM PO	MYSORE	2
SHIMOGA HO	SHIMOGA	2
SRIRANGAPATNA HO	SRIRANGAPATNA	2
SSP OFFICE MYSORE	MYSORE	1
TUMKUR HO	TUMKUR	2
UDUPI HO	UDUPI	2
REGION TOTAL :	TOTAL :	42 — III
GRAND TOTAL : I+II+III		137

Priority in the Allotment of STD/ISD Public Call Offices

*225. SHRI SHIV CHARAN SINGH: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that priority/ reservation is given made in the allotment of STD/ISD public call offices to persons belonging to some categories;

(b) if so, what are the details of groups/classes/castes which fall in priority categories;

(c) whether it is a fact that Other Backward Classes have not been accorded any priority in this scheme of things;

(d) if so, the reasons therefor;

(c) whether Government are considering their inclusion soon; and

(f) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) Certain categories of persons are given preference for allotment of STD PCOs. However, no specific reservation is made.

(b) The preferential categories are Handicapped including blind persons, SO[7] ST applicants, Ex-servicemeiyWar-widows, Retired DOT employees or their dependents, freedom fighters or their dependents and Charitable Institution;/ Hospitals.

(c) to (f) As STD/ISD PCOs are allotted only to the educated unemployed, it is expected that all economically weaker sections including those in the other Backward Classes would be benefitted by the existing policy.

वडोदरा-सूरत में विद्युत-इंजनों का रख-रखाव

*226. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कई महत्वपूर्ण रेल लाइनों का विद्युतीकरण कार्य पूरा हो जाने से विद्युत इंजनों के रख-रखाव की मांग बढ़ गई है;

(ख) क्या एक अत्यंत महत्वपूर्ण खंड वडोदरा-सूरत

से कुछ और विद्युत इंजनों के रख-रखाव की मांग की गई है;

(ग) यदि हां, तो वडोदरा-सूरत खंड के विद्युतीकरण नेटवर्क के संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या रेल विभाग की निकट भविष्य में विद्युतीकरण नेटवर्क के विस्तार की कोई योजनायें हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्री (श्री सी॰ के॰ जाफ़र शरीफ़): (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) वडोदरा-सूरत खंड 1973-74 में विद्युतीकृत किया गया था।

(घ) रेल मंत्रालय द्वारा कार्यक्रमबद्ध आधार पर उन खंडों के विद्युतीकरण ज्ञालतंत्र का विस्तार किया जाता है जो वित्तीय दृष्टि से औचित्यपूर्ण हैं बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हों।

(ङ) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

21.3.95 तक अनुमोदित रेल विद्युतीकरण कार्य

क्रम॰ सं॰	परियोजना का नाम	लंबाई (मार्ग कि॰मी॰ में)
1.	बीना-कटनी	263
2.	कटनी-बिलासपुर	502
3.	सोन नगर-पतरातू	291
4.	सीतामढ़ी-मुगलसराय	562
5.	दिल्ली-अंबाला-लुधियाना	314
6.	गुमिया-पतरातू	72
7.	बोकारो-बरसुआन-किरिबुरू	398
8.	ईरोड-एर्णाकुलम/कोचीन	324
9.	रेणिगुंटा-गुंतकल-होसपेट	448
10.	अंबाला-मुरादाबाद	274
11.	चांडिल-मुरी-बरकाकाना	119
12.	विजयवाडा-विशाखापटनम	366
13.	जमादोबा-मोहुदा	22
14.	बंडेल-कटवा	105
15.	आद्रा-मिदनापुर	155
16.	तालचेर-पारादीप सहित खड़गपुर-भुवनेश्वर	540

तेल के कुएं में लगी आग को बुझाने के लिए आग बुझाने वाले उपकरणों की उपलब्धता

*227. **श्री सुन्दर सिंह भंडारी:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पूर्वी गोदावरी जिले में स्थित तेल के कुएं में लगी आग को बुझाने मे शीघ्र सफलता मिल गई होती यदि आवश्यक उपकरण शीघ्र उपलब्ध करा दिये जाते;

(ख) निकट के क्षेत्र में कुएं की खुदाई का कार्य अब तक पूरा न करने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या इस कुएं को फिर से इस्तेमाल में लाया जायेगा?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) जी, नहीं।

(ख) पी॰एस॰ए॰बी॰ (पी॰एस॰पी॰-20) कूप पर वेधन प्रचालन कार्यक्रम के अनुसार सुचारू रूप से जारी है। यह कूप आग लगने की जगह से लगभग 1.5 किलोमीटर दूर है।

(ग) ओ॰एन॰जी॰सी॰ आग पकड़ने वाले कूप (पसरलपुडी-19) की स्थिति का मूल्यांकन कर रहा है,